Lesson-8 बंदर से दोस्ती

2. पढ़ें और विलोम शब्द चुनकर लिखें—

आज़ाद	—	""गुलाम""	प्रिय	—	""अप्रिय""
सच	—	""झूठ""	सामाजिक	—	""असामाजिक""
पुराने	—	""नए""	बहादुर	—	""कायर""
बुद्धिमान	—	""बुद्धिहीन""	समझदार	—	""नासमझ""

3. छात्रों को विशेषण शब्दों का परिचय दें और पहचान करना सिखाएँ। ऐसे अन्य शब्द देकर अभ्यास कराएँ।

4. याद करके लिखें—

क. ""बंदर केले को छीलकर खाता है।""

ख. ""बंदर के 36 दाँत होते हैं।""

ग. ""बंदर बहुत बुद्धिमान होते हैं।""

घ. ""बंदर सामाजिक होते हैं।""

6. लिखकर बताएँ—

क. कमल को बजरंगी कैसे मिला?

""विद्यालय से घर जाते समय कमल ने देखा कि कुछ लड़के एक बंदर को चिढ़ा रहे थे। वह उनसे बंदर को छुड़ाकर घर ले आया। इस प्रकार कमल को बजरंगी मिल गया।""

ख. बंदर सामाजिक होते हैं— यह कैसे पता चलता है?

""एक बंदर के बीमार होने पर समूह के सभी बंदर खाना-पीना छोड़ देते हैं। इससे पता चलता है कि बंदर सामाजिक होते हैं।""

Poem-9 समय का मोल

2. पढ़ें और अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द लिखें—

बुद्धि से काम लेनेवाला — ···बुद्धिमान···
जिसके मन में दया हो — ···दयालु···
जो छाया देता हो — ···छायादार···
जो चित्र बनाता हो — ···चित्रकार···
कविता लिखनेवाला — ···कवि···

3. चित्र देखें और उनके नाम सही जगह पर लिखें—

मिले ···फूल··· से फूल तो
···गुलदस्ता··· बन जाता है
ईंट से ···ईंट··· जुड़े तो देखो
सुंदर ···घर··· बन जाता है।

4. याद करके लिखें—

···पल-पल छोटा लगता है पर···
···इससे युग बन जाता है···
···पल-पल का जो मोल समझता···
···बुद्धिमान कहलाता है।···

6. लिखकर बताएँ—

क. सुंदर घर कैसे बनता है?
ईंट से ईंट जोड़ने पर सुंदर घर बन जाता है।

ख. पल-पल से क्या बनता है?
पल-पल से एक युग बनता है।

ग. बुद्धिमान कौन कहलाता है?
समय का मूल्य समझनेवाला बुद्धिमान कहलाता है।